Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 07-06-2023 | अंक 587



Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com


## न्यूज ब्रीफ

### 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**अपेम लाइव : बरही**

बरही गया रोड निवासी आयुष विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष पिता स्व देवानंद विश्वकर्मा ने सुबह 6 बजे फांसी लगा लिया। जानकारी मिलने पर परिजनों एवं पड़ोसियों के सहयोग से युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं जानकारी मिलने पर बरही पुलिस ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

### राज्यपाल 8 जून को आएंगे लातेहार, तैयारियां पूरी



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दो दिवसीय पलामू दौरे के क्रम में गुरुवार को लातेहार आयेंगे. उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन लातेहार में पूर्वाहन 11 बजे स्थानीय परिसदन भवन में मुआवजा राशि का वितरण करेंगे, जबकि 11:40 बजे उत्क्रमित उच्च विद्यालय, उदय पूरा में जनता के साथ सीधा संवाद करेंगे. इसके बाद राज्यपाल 2:40 बजे रांची-मेदिनीनगर उच्च पथ के समीप मतनाग गांव में जनता के साथ संवाद करेंगे. इसके बाद राज्यपाल पलामू के लिए प्रस्थान कर जायेंगे.

### जलमीनार और चापाकल खराब हो जाने से पेयजल की भारी किल्लत



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय से सटे गुलजार बाग में जल मीनार और चापाकल ख़राब हो जाने के वजह से स्थानीय ग्रामीणों को भीषन गर्मी के दिनों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रखंड प्रशासन से जल मीनार और चापाकल को ठीक करवाने की मांग की है ताकि पेयजल की समस्यायों से निजात मिल सके।


APEM LIVE


# बरही : युवाओं में बढ़ती आत्महत्याएं की मामले समाज के लिए चिंता की विषय

## जिंदगी अनमोल है, इसे यूं ही ना बर्बाद करें : किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**





जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की जुग – जुग जियो, दुधो नहाओ पुतो फलो जैसे आशीर्वाद से भरे देश ने जिंदगी को ठोकर मार कर मौत की आगोश में सो जाने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बीते एक सालों में बरही में आत्महत्या की दर में तेजी से वृद्धि हुई है। साथ ही सबसे चिंता की विषय यह है की पढ़ी – लिखी युवा आबादी भी आत्महत्या की और तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा की भारत एक युवा राष्ट्र है अर्थात यहां युवाओं की आबादी सबसे ज्यादा है, मगर यह विचलित करने वाली बात है की इस आबादी का बड़ा हिस्सा निराशा और अवसाद से ग्रस्त है। वह दिशाहीन और लक्ष्यहीन है, आजकल के युवा खुद को लूजर समझने लगे है। लक्ष्य को हासिल करने के पागलपन में उसके अंदर संयम, संतुष्टि और सहन करने की ताकत लगातार घट रही है और किसी क्षेत्र में असफल होने पर जीवन से नफरत के भाव बढ़ रहे है। शिक्षा, बेरोजगारी एवं प्रेम प्रसंग जैसे कई कारण है जो युवाओं को आत्महत्या की और उकसाते है। कहा की शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता होगा जब समाचार पत्रों में किसी की आत्महत्या की खबर नही छपती है। कई बार लोग छोटी – छोटी मुश्किलों का मुकाबला करने की जगह लोग उससे घबराकर आत्महत्या जैसे खतरनाक कदम उठाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते है। परीक्षा में तनाव हो या घर में झगड़ा, व्यापार में घाटा हो जाए या फिर नौकरी में किसी प्रकार की परेशानी आ रही है, यहां तक की प्रेम प्रसंग के मामले से लेकर उम्र के आखिरी पड़ाव में अवसाद से ग्रसित लोग भी आत्महत्या कर लेते है। वास्तव में एक तरफ जहां इंसान इतनी तेजी से विकास कर रहा है, रोजाना नई – नई तकनीक के माध्यम से जीवन को आरामदायक बना रहा है तो वहीं दूसरी और बढ़ते मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या जैसे मामले भी दिन – प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जो समाज के लिए एक गंभीर चिंता की विषय है।

# ओड़ीसा रेल दुर्घटना पर महिला समिति ने किया शोक सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**



बरवाडीह/लातेहार : ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को हुए भीषण ट्रेन हादसे में सैकड़ों लोगों की जान चली गई और हजारों लोग घायल हुए है। जिसे लेकर जगह– जगह कई राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन और रेल यूनियन सहित आम लोग भी इस घटना पर अपनी संवेदनाएं प्रकट कर रहें हैं। इधर मंगलवार की देर शाम महिला समिति बरवाडीह की अध्यक्षा रेखा पाठक के नेतृत्व ने रेलवे स्पोर्ट्स क्लब के प्रांगण में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने कैंडल जलाकर और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जहां रेखा पाठक ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति हम सबकी गहरी संवेदना है जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है। उनके परिवार के ऊपर क्या बीत रही होगी यह समझ से परे और बहुत ही दर्दनाक है। हम सभी भग. वान से मृत आत्माओं के शांति के लिए प्रार्थना करती हूं और घायल लोगो को जल्द स्वस्थ होने का कामना करती हुँ। शोक सभा में सुबोद्रा घोषाल, सुनीता देवी, बेबी कुमारी, रतना सिंह, रेनू देवी, गीता देवी, जीतू कुमारी, वंदना साहा, रेणु कुंवर, शम्मा परवीन, रूबी सिन्हा, सोनी देवी, सुमन देवी, रंजित कुमार सिंह (राना), नदीम आजमी, अशोक कु.साव, नीतीश कुमार और गौरव सिंह सहित कई लोग शामिल हुए।




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मृतिका के शव को कंधा देने व अंतिम संस्कार तक शामिल रहने वाले बिरनी थाना प्रभारी के जज्बे को लोगो ने दिल से धन्यवाद दिया

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी थाना क्षेत्र के बंगराकला पंचायत निवासी बैजनाथ महतो की पुत्र वधू सरिता देवी की आग से झुलसने से मौत हो गई। बतादें की यह घटना बीते 19 मई रात की है। सरिता देवी का इलाज बोकारो में चल रहा था । इलाज के दौरान 5 मई को उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम कर परिजन मंगलवार शाम बंगराकला गांव पहुंचे। इधर मृतका की मां पावापुर निवासी दर्शनी देवी ने इसकी लिखित सूचना बिरनी थाना प्रभारी को दी थाना प्रभारी ने मृतिका के पति टिंकू यादव को गिरफ्तार जेल भेज दिया ।शव उठाने व अंतिम संस्कार के लिए गांव के लोग तैयार नहीं थे । थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह एवं बंगराकला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव साव स्वयं कंधा देकर शव को ले जा रहै थे इसी बीच बैजनाथ महतो की पत्नी तारा देवी को पावापुर के लोगो द्वारा लात घुसों से पीटने लगे थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए शव को नीचे रखकर तुरंत दौड़े तारा देवी को छुड़ाए ओर गांव के ही गोतिया राजू यादव के यहां तारा देवी को सुरक्षित रखने को कहा थाना प्रभारी के टीम एवं मुखिया प्रतिनिधि स्वयं बराकर नदी श्मशान घाट जाकर अंतिम संस्कार किए ।थाना प्रभारी के टीम के सदस्यों को एवं बंगराकला मुखिया प्रतिनिधि को लोगो ने तहे दिल से धन्यवाद दिया, जिन्होंने शव उठाने से लेकर अंतिम संस्कार तक डटे रहे।

## मैट्रिक तथा इंटर में सफल प्रतिभागी सम्मान समारोह में किए गए सम्मानित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**




गैड़ा पंचायत अंतर्गत पांडेयडीह टोला में प्रतिभा सम्मान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में दसवीं एवं इंटर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए छात्र छात्रों को माला पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिससे छात्र छात्राएं काफी उत्साहित थे। आयोजनकर्ता गैड़ा पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन ने कहा कि यह गैड़ा पंचायत के लिए ऐतिहासिक दिन है। गैड़ा पंचायत में पहली बार प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसका साक्षी यहाँ उपस्थित तमाम लोग हैं। इस आयोजन का मकसद प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में और बेहतर मुकाम हासिल कर सके। मैं चाहता हूं के हमारे पंचायत के बच्चे भी बी.डी.ओ. , सी.ओ., आई. ए.एस., आई.पी.एस. बने और हमारे पंचायत का नाम देश दुनिया में रौशन करें। आज दशवीं तथा बारहवीं पास हुए बच्चों के साथ साथ जो लोग नौकरी ले चुके हैं ।उन्हें या उनके अभिभावक को सम्मानित किया जा रहा है ताकि पढ़ने वाले बच्चे उनसे प्रेरणा ले सकें। ईडी बैंक जम्मू में बतौर मैनेजर कार्यरत गैड़ा पांडेयडीह निवासी पुराण यादव ने कहा कि सतत प्रयास से सफलता मिलती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि सुधीर सिंह, जरमुने पंचायत के उपमुखिया सह बगोदर उपमुखिया संघ के अध्यक्ष शेख मोकिम, उपमुखिया सुनील राणा, आनंद हलचल, फारुक मालिक, प. विनोद चंद्र शास्त्री, युवा समाजसेवी रविराज पाण्डेय, बिंदु देवी, अजय यादव, जीतलाल रजक, सुदन यादव, गुलबी कुमारी, विशाल यादव, नाजिया प्रवीण, सूफिया प्रवीण, शेख इम्तियाज, गोविंद यादव, दिलकश राजा, शेख सोहेल, सौरव सिंह, निसार अंसारी, शेख आदिल, शंभू यादव, तुफैल अहमद सिद्दीकी, नीतू कुमारी, कफिल अहमद सिद्दीकी, शेख महफूज, इनायत अली, रिशु रविदास, परमेश्वर तुरी, शेख दानिश, शेख मोबीन,रहमत आलम, फैजान मालिक, फिजा खातून समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।




## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नवमी बोर्ड में भी लहराया परचम

### सभी शत प्रतिशत बच्चे ए ग्रेड से हुए पास

**अपेम लाइव : बरही**




सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के टॉप दो बच्चे

बरही प्रखंड स्थित पंचायत रसोईया धमना में शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जैक द्वारा आयोजित नौवीं बोर्ड की परीक्षा में भी अपना परचम लहराया ।विद्यालय से कुल 36 प्रतिभागियों ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें सभी के सभी बच्चे । ग्रेड से सफल हुए।सबसे ट०प स्थान पर हजारी धमना की रहने वाली प्रीति कुमारी और रसोईया धमना की रहने वाली सुधा कुमारी है जो संयुक्त रूप से विद्यालय में सभी बिषयों में ।+ लाकर सबसे ट०प स्थान ग्रहण किया इसके अलावा दूसरे स्थान पर अंशु कुमारी, दीपिका गुप्ता,राधा कुमारी, मोती कुमारी और सभी छात्र-छात्राएं ग्रेड ए से ऊपर मार्क्स लाये। जो विद्यालय के लिए खुशी का पल है जिसमें विनय कुमार गुप्ता, पुष्पा कुमारी, रंजना कुमारी, जीनत परवीन, रूपेश कुमार, रोशन चौधरी, आशीष कुमार, नेहा कुमारी आदि सभी छात्र छात्राएं सफल हुए। विद्यालय के निदेशक टुकलाल साहू ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसी प्रकार आगामी परीक्षाओं में भी अच्छे अंक के साथ उतीर्ण होने की कामना की।विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने सब के उज्जवल भविष्य की कामना की और बतलाया की पूरे रसोइया धमना पंचायत में एक यही विद्यालय है जो विगत 8 वर्षो से शत-प्रतिशत रिजल्ट देने का कार्य कर रहा है और यहां के बच्चे आज इंजीनरिंग,आईटीआई,प०लिटेक्निक,आर्मी,नेवी और रेलवे आदि में भी जा चुके हैं और विद्यालय के साथ-साथ अपने माता पिता और अपने ग्राम के साथ-साथ पंचायत और प्रखंड का नाम रोशन किया है सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा ,श्वेता राजलक्ष्मी ,सरिता कुमारी, नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी, कल्पना कुमारी ,नरेश कुमार, शिबू रजक ,अजय कुमार ,अरुण कुमार नूरेशा खातून आदि ने दिया।

## नगर पंचायत क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन का तिगुना होल्डिंग टैक्स वसूलने का किया विरोध

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : नगर पंचायत क्षेत्र में खाली जमीन का चालू तिगुना होल्डिंग टैक्स वसूलने का विरोध लातेहार मे शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि लातेहार एक मेसो क्षेत्र है और सरकार द्वारा पूर्व से ही अकाल व सूखाड़ क्षेत्र घोषित है, बावजूद इसके खाली या परती पड़ी जमीन जिसपर निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, उसका होल्डिंग टैक्स तिगुना करना उचित नहीं है। पूर्व में नगर पंचायत क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन का 20 रुपया प्रति डिसमिल लिया जाता था। लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में इसे 61 रूपये प्रति डिसमिल कर दिया गया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने लातेहार विधायक के नाम एक ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार को सौंपा है। ज्ञापन में वीरेंद्र प्रसाद, रामकुमार, राजेश कुमार प्रसाद ने कहा कि लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में गरीब किसान लोग भी रहते हैं और अपनी खाली खेतों में खेती कर अपनी आजीविका चलाते हैं। ऐसे में उनकी खाली पड़ी जमीन पर तिगुना होल्डिंग टैक्स लेना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि कृषि योग्य या जिस जमीन पर कृषि की जा रही है, उस जमीन का मामूली होल्डिंग टैक्स लिये जाने का प्रावधान है। सरकार ऐसी भूमि पर लगान पर रियायत देती है, बावजूद इसके होल्डिंग टैक्स वसूलने वाली एजेंसी स्पैरो साफ्टेक, रांची के द्वारा सभी खाली जमीन पर 61 रूपये प्रति डिसमिल की दर कर होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है। नगर पंचायत कार्यालय में स्पेरो साफ्टेक कंपनी के कांउटर में प्रशिक्षित कर्मी के नहीं रहने के कारण भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांउटर में प्रतिनियुक्त कर्मी के द्वारा नगर पंचायत के रैयतों को सही जानकारी नहीं दी जा रही है। जमीन का टैक्स सर्किल रेट आधार पर लिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत सड़क के किनारे व दूरी पर, कृषि भूमि या जिस भूमि पर निर्माण कार्य नहीं किया गया है, उन जमीन का अलग-अलग होल्डिंग टैक्स वसूला जाना है। लेकिन कांउटर में तैनात कर्मी के द्वारा सभी तरह की भूमि का होल्डिंग टैक्स 61 रूपये प्रति डिसमिल बताया जा रहा है। एजेंसी स्पैरो के प्रतिनिधि आदित्य से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया सर्किल रेट पर होल्डिंग टैक्स वसूलने का प्रावधान है। लोग झारखंड सरकार की वेबसाइट पर जाकर भी इसे देख सकते हैं।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## 24 घण्टे बिजली ग्रामीणों को मिले, इसके लिए बिजली विभाग प्रयासरत

### ढेबरो सबस्टेशन में लगा पांच एम वी ए का नया ट्रांसफार्मर

### बिजली के लिए उपभोक्ताओं को रोना नहीं पड़ेगा,कान्हाचट्टी प्रखण्ड को मिलेगी निर्बाध बिजली : एक्सक्यूटिव

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**



कान्हाचट्टी प्रखण्ड को 24 घण्टे निर्बाध बिजली बहाल को लेकर बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ साथ कर्मी भी इस चिलचिलाती धूप में पसीना बहा रहे हैं।24 घण्टे निर्बाध बिजली उपलब्धता को लेकर ढेबरो सब्सस्टेशन में एक बड़ा सा ट्रांसफार्मर जो पांच एम वी ए का है बुधवार को लगाया गया।यह कार्य बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार सिंह एवं कनीय अभियंता के प्रयास का परिणाम है कि यह बड़ा सा ट्रांसफार्मर लगाया गया है।बताते चलें कि इसके पहले ढेबरो सबस्टेशन में मात्र एक पांच एम वी ए का एक ट्रांसफार्मर था।कार्यपालक अभियंता विनय कुमार सिंह ने कहा कि पहले एक पांच एम वी ए का एक ट्रांसफार्मर था यदि उसमें कोई तकनीकी समस्या आता तो कान्हाचट्टी प्रखण्ड अंधेरे में रहता था साथ ही चतरा को पानी भी मिलता है,वह भी बिजली यहीं सबस्टेशन से मिलती है।जिसे देखते हुए एक और पांच एम वी ए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है।अब कान्हाचट्टी प्रखण्ड में बिजली की सबस्टेशन से कोई समस्या नहीं होग. ी।और कान्हाचट्टी प्रखण्ड को 24 घण्टे निर्बाध बिजली मिलेगा,यहां की बिजली उपभोक्ताओं को बिजली के लिए रोना नहीं पड़ेगा।वहीं उन्होंने कहा कि पूरे जिले में जहां भी ट्रांसफार्मर खराब है उसे सूचीबद्ध कर पुनः खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदल कर नया लगाया जाएगा।किसी भी गांव को बिजली विहीन नहीं रहने देंगे।इधर कनीय अभियंता अशोक कुमार ने भी कहा कि कान्हाचट्टी प्रखण्ड में खराब पड़े ट्रांसफार्मर का लिस्ट बनाया जा रहा है जल्द ही खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा।वही श्री कुमार ने कहा कि बिजली उपभोक्ता बिजली बिल प्रत्येक माह के 26 व 27 तारीख को थानां के सामने कलेक्शन शिविर में पहुंच कर बिजली बिल जमा करें।मौके सतीश कुमार सिंह पर बिजली कर्मी सतीश सिंह,छोटू दबे,सत्येन्द्र सिंह,नीतीश कुमार साव,विजय प्रजापति,बिक्की सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का तीन दिवसीय धरना समाप्त

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का तीन दिवसीय धरना उपायुक्त को 3 सूत्री मांगों के साथ आवेदन सौंप समाप्त हो गया । इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि अंचल में फैले भ्रष्टाचार के लिए जनता के मुद्दों पर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है और कार्रवाई की मांग की है।साथ ही साथ अगर आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो पार्टी आगामी कार्यक्रमों के लिए भी तैयार है।कहा कि अंचल को दलालों से मुक्त कर स्वच्छ वातावरण बनाना प्रशासन का काम है कोई भी व्यक्ति को अवैध पैसा काम के लिए देना पड़े तो आजसू पार्टी उनके लिए हमेशा लड़ने को तैयार रहेगी।वही केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी दबे कुचले लोगों की आवाज है आज तीन दिवसीय कार्यक्रम को जनता ने सफल बना कर यह संदेश दिया है कहीं ना कहीं अंचल कर्मी भ्रष्टाचार में संलिप्त है उन पर कार्रवाई हो नहीं तो आगे रास्ते खुले हुए है।जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने कहा हम जनता की आवाज बनकर हर समय अपनी मांगों को रखते हैं आंदोलन करना हमारा शौक नहीं मजबूरी है। जनता के मुद्दों पर अगर सरकार ऐसा रवैया रखेगी तो आजसू पार्टी हर कदम पर जवाब देने को तैयार है। संजय तिवारी ने कहा कल 1000 आवेदन मुख्य सचिव तथा ईडी को भेजा जाएगा और कार्रवाई की मांग की जाएगी। मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास, ओबीसी जिला अध्यक्ष कुंदन जयसवाल, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष राजा दुबे ,लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर , विकास साहू, राहुल दुबे, कुंदन तिवारी, नब्बू भुइयां ,रीमा देवी, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, जसोदा कुँवर, पूजा देवी ,महेंद्र उराँव ,जनार्दन साहू, नंदकिशोर यादव, कुलदीप उरांव, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विधानसभा स्तरीय वरिष्ठ एवं पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन एवं चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव के द्वारा गुरुवार को हरली विवाह मंडप में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन एवं चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम आयोजन किया गया है । जिसमें बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु मंडल, बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल, बड़कागांव पश्चिमी मंडल एवं केरेडारी मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुर्व 20 सुत्री प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष अशोक यादव समेत कई गणमान्य भाजपा नेता उपस्थित होंगे। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने दी है।

## जनसेवकों के आंदोलन का एक माह पूरा




लातेहार : झारखंड जनसेवक संघ के बैनर तले जनसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 30 दिन पूरा हो गया है। पर अभी तक सरकार के द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं मिलने की वजह से आंदोलन लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगा। उक्त बातें झारखंड जन सेवक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनाथ यादव ने कही। उन्होंने कहा कि आज कृषि निदेशक से और कल कृषि सचिव से वार्ता हुई है उनके द्वारा भी साकारात्मक बातें कही गई है।पर हम संतुष्ट हो सकें ऐसे कोई बात नहीं कही गई है और ना ही किसी प्रकार का लिखित आदेश जारी हो जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।. रामनाथ ने कहा कि जनसेवकों के हड़ताल पर चले जाने से पूरे राज्य की जनता परेशान हलकान है। जनसेवकों के हड़ताल पर रहने से लोगों को खाली हाथ वापस घर लोटना पड़ रहा है। लोगों के परेशानियों को देखने वाला कोई नहीं है।हम सभी के हड़ताल पर चले जाने से ऑफिस का कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कृषि से जुडे सभी कार्य पूरी तरह से ठप है।सरकार जब तक हमारी 11 सूत्री मांगा पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं करती है तक हमारा आंदोलन नदी की धार की तरह अनवरत जारी रहेगा। हम सभी जनसेवक इस तपती चिलचिलाती धूम में अपने घर परिवार को छोड़ जायज मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।यदि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन को हमारी तनिक भी फिक्र है तो जल्द से जल्द हमारी मांग पर विचार करे।






दिनांक: 07-06-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## भाजपा युवा मोर्चा की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक कराई गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ शाह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेमिसाल 9 साल की उपलब्धियों को बताते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनाने के मिशन में युवाओं को जुट जाने का आह्वान किया। युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किस तरह देश मजबूत हुआ है इससे पहले देश छोटे-छोटे फैसलों में भी बहुत समय लगाता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत किस तरह विश्व में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है यह बताते हुए प्रत्येक युवा को जोड़ने का कार्य करने का आग्रह किया।बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार साहू,हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, भाजयुमो महामंत्री प्रशांत नाथ साह, अकाश कुमार गुप्ता, अभय जायसवाल, प्रशांत सिंह,शुभम कुमार, समेत प्रखंड के सभी बूथों के बुथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

## उपकार बचत एवं साख स्वालंबी ने 12 वां वार्षिकत्सव मनाया, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने समिति के 9 सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखंड के चोपदार बलिया पंचायत अंतर्गत उपकार बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड स्थापना दिवस पर 12 वां वार्षिकत्सव मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधारी महतो एवं संचालन उमेश प्रजापति एवं ढलन साव ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार प्रखंड सहक. ारिता पदाधिकारी बड़कागांव एवं विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार प्रबंधक झारखंड सहकारी बैंक बड़कागांव तथा चंदनपुरी मुखिया प्रति. निधि , एवं उपस्थित अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने उपकार बचत एवं साख स्वावलंबी समिति लिमिटेड का सराहना करते हुए कहा इस तरह से समिति के होने से गांव के लोगों को स्वालंबन होने में बहुत लाभ होता है। तत्पश्चात समिति के सदस्यों ने बारी बारी से अपनी बातों को रखते हुए समिति की उपलब्धियों के बारे में लोगों बताया। उद्घाटन पश्चात समिति के द्वारा साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समिति में बेहतर कार्य करने वाले समिति के 9 सदस्यों को विशेष रुप से उपहार स्वरूप बैग डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष गिरधारी महतो, सचिव उमेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष विष्णु देव राणा, चंदनपुरी मुखिया प्रतिनिधि, प्रबंधक लालचंद गोप, शाखा प्रबंधक युगल चौधरी, रोकड़ पाल महेश यादव, उग्रसेन गिरी , दशरथ चौधरी, सुरेश रजक,अशोक पासवान ,धनु गोप, प्रमोद गिरी, सुशीला देवी, रेखा देवी, प्रमेश गिरी, गणेश गुप्ता, श्याम गुप्ता, तिलेश्वर साव, हरिसाव ढालन साव, शशि भूषण कुमार, त्रिभुवन साव, सत्येंद्र वर्मा सहित सैकड़ों अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीयो ने हरली पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया हुए संतुष्ट

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने बुधवार को प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। बीडीयो ने हरली बाबू बलिया एवं चोरका मैं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें बीडीयो ने बताया कि हरली आंगनबाड़ी व्यवस्थित ढंग से संचालित है, चोरका आंगनबाड़ी में ठीक-ठाक है वही बाबू बलिया आंगनबाड़ी में सुधार की बहुत जरूरी है। पंचायत हरली दक्षिणी भाग आंगनबाड़ी का निरीक्षण के मौके पर बीडियो जितेंद्र कुमार पांडे, बीपीओ हीरो महतो, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशिला कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ,रोजगार सेवक अशोक साव, वार्ड सदस रेखा कुमारी, रेनू देवी, समाजसेवी संतोष राणा, ईश्वरी साव, सेविका प्रेमाकुमारी, सुनीता देवी व अन्य उपस्थित थे।

## युवा नेता सोनू इराकी ने पंचायती राज्य महानिदेशक निशा उरांव से किया मुलाकात

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव के युवा समाज सेवी सोनू इराक़ी ने पंचायती राज्य महानिदेशक निशा उरांव से मिले एवं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू , पंचायती राज्य के अधिकार को लेकर स्थानीय विधायक के द्वारा दरकिनार करने को लेकर बात रखी गई साथ ही साथ डीएमएफटी फंड का पैसा का पंचायती राज्य के प्रतिनिधि को नहीं मिलने को लेकर चर्चा किए।आगे उन्होंने अवगत कराते हुवे कहा की बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत में 300 लाभुको का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के सूची में नाम आने के बाद भी लागू नहीं मिलने से काफी परेशान है वहां के लाभुको को इसका लाभ जल्द से जल्द करवाने का भी मांग किए। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराएं पंचायती राज्य का सभी जनप्रतिनिधि का अधिकार को लेकर चर्चाएं किए गए सभी को एक समान मिले साथी साथ डीएमएफटी फंड का जो भी पैसा सभी पंचायत के प्रतिनिधि का अधिकार मिले। श्री इराकी ने बताया कि सभी बातों को सुनकर पंचायती राज के महानिदेशक निशा उरांव ने सभी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## सांसद ने किया कान्हाचट्टी प्रखण्ड का दौरा

### सुनी ग्रामीणों की समस्या एवं निदान का दिया आश्वासन





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : बुधवार को चतरा लोक सभा के लोकप्रिय सांसद सुनील कुमार सिंह एक दिवसीय दौरे पर कान्हाचट्टी पहुंचे। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उसका निदान का आश्वाशन दिया।श्री सिंह बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर कान्हाचट्टी उनकी दूसरी जीत के बाद दूसरा दौरा है।ग्रामीणों ने सांसद से तमासिन जलप्रपात को पर्यटक क्षेत्र घोषित करने की मांग की।वहीं कान्हाचट्टी के ग्रामीणों ने कान्हाचट्टी से पांडेमहुआ जाने वाली जर्जर सड़क एवं बी के प्लस टू उच्च विद्यालय से पेलतौल मोड़ तक कि सड़क को बनवाने की मांग किया है।जिसके बाद सांसद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही जर्जर सड़क बनवाने को लेकर उपायुक्त को लिखेंगे।मौके पर सचिदानंद सिंह,सिकन्दर सिंह,भीम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




